GXO

प्रतिस्पर्धारोधी और न्यायोचित प्रतिस्पर्धा

प्रयोज्यता

यह प्रतिस्पर्धारोधी और न्यायोचित प्रतिस्पर्धा नीति (“नीति”) GXO Logistics, Inc. के साथ-साथ उसकी सभी सहायक कंपनियों, प्रभागों और अन्य परिचालन संस्थाओं (सामूहिक रूप से “GXO” या “कंपनी”) पर लागू होती है। GXO के सभी निदेशक, अधिकारी और कर्मचारी, और हमारी ओर से कार्यरत तृतीय पक्ष इस नीति की आवश्यकताओं का पालन करने के अधीन और ज़िम्मेदार हैं। जैसा कि इस नीति में प्रयोग किया गया है, “कंपनी” शब्द पढ़ते समय इस नीति के अधीन सभी व्यक्तियों और संस्थाओं को शामिल किया जाना चाहिए।

1. अवलोकन

GXO मूल्य, गुणवत्ता, शर्तों और सेवाओं के आधार पर उत्पादों और सेवाओं को ख़रीदने और बेचने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी प्रतिस्पर्धारोधी और न्यायोचित प्रतिस्पर्धा से जुड़े सभी कानूनों का पालन करती है और अनुचित लाभ की प्राप्ति के लिए किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करती है। छलपूर्ण या गैर-प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधि को कभी बर्दाश्त नहीं किया जाता। प्रतिबंधित कार्यों में, अन्य के अलावा दाम तय करना, बाज़ारों का बँटवारा, एकाधिपत्य स्थापित करना, बंधनकारी समझौते करना, बहिष्कार व आपसी तौर पर लाभकारी क्रय-विक्रय करना शामिल हैं।

2. परिभाषाएँ

2.1. कंपनी: GXO Logistics जिसमें उसके सभी व्यावसायिक रूप, GXO के कर्मचारी, और “प्रयोजनीयता” के अंतर्गत परिभाषित सभी अन्य पक्ष शामिल हैं।

3. प्रतिबंधित आचरण

3.1. हम मूल्य निर्धारण के काम में शामिल नहीं होते हैं: कंपनी किसी प्रतिस्पर्धी को मूल्यों या साख नीति से संबंधित मामलों की जानकारी नहीं देगी। सीमित परिस्थितियों में और कठोरता से केवल किसी प्रतिस्पर्धी को एक ग्राहक के तौर पर सेवाएँ देने या ऐसे प्रतिस्पर्धी से आपूर्तिकर्ता के तौर पर सेवाएँ पाने के लिए ही, कंपनी उस विशिष्ट व्यवहार से संबंधित व आर्म्स-लेंथ सौदे से संगत मूल्य या साख संबंधी जानकारी दे सकती है।

3.2. हम बाज़ार या ग्राहक आवंटन के काम में शामिल नहीं होते हैं: कंपनी क्षेत्र या बाज़ार खंड के आधार पर बाज़ारों या ग्राहकों को बाँटने के लिए प्रतिस्पर्धियों के साथ सहमत नहीं होगी या उनके साथ मिलकर काम नहीं करेगी, जिनमें विशिष्ट रूप से नामित ग्राहकों या विशिष्ट निविदा अवसरों के लिए प्रतिस्पर्धा न करने के अनुबंध शामिल हैं।

3.3. हम एकाधिकार में संलग्न नहीं होते: कंपनी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगी जो कंपनी को एकाधिकारी शक्ति देकर प्रतिस्पर्धा को रोके, जैसे कोई ऐसी गतिविधि जो अन्य कंपनियों की प्रतिस्पर्धा की क्षमता को सीमित करे, जब तक कि वह गतिविधि केवल कम मूल्यों, बेहतर उत्पादों या बेहतर सेवा के आधार पर न हो। कंपनी ऐसे सभी आचरणों का त्याग करेगी जिन्हें “परभक्षी” कहा जा सकता है, जैसे किसी प्रतिस्पर्धी को बाज़ार से निकालने के लिए सेवाओं के लिए अत्यंत कम मूल्य निर्धारित करना (लाभ के मूल्य से कम)।

3.4. हम बंधनकारी अनुबंध के काम में शामिल नहीं होते हैं: कंपनी किसी ग्राहक द्वारा विक्रयकर्ता से कोई अन्य सेवा या उत्पाद खरीदने की सहमति की शर्त पर किसी उत्पाद या सेवा के विक्रय का प्रस्ताव नहीं करेगी, उसपर विचार नहीं करेगी या सहमति नहीं देगी (“बंधनकारी अनुबंध”)। कंपनी कभी भी किसी ग्राहक को यह इंगित नहीं करेगी कि कंपनी के किसी उत्पाद या सेवा को खरीदने के लिए कंपनी के किसी अन्य उत्पाद या सेवा को खरीदने, अथवा किसी ऐसे प्रतिबंध की शर्त है जो ग्राहक को कंपनी के प्रतिस्पर्धियों में से किसी से सौदा करने से रोकता हो।

प्रतिबंधित बंधनकारी अनुबंधों में ऐसे सामूहिक मूल्य के सौदे शामिल नहीं होते हैं जिसके तहत कंपनी उत्पादों या सेवाओं का संयोजन डिस्काउंट पर बेचती हो। कंपनी सामूहिक मूल्य के सौदों का इस प्रकार उपयोग नहीं करेगी कि जिससे बाज़ार में प्रतिस्पर्धा की दूसरों की क्षमता सीमित हो, जैसे सामूहिक सेवाओं का मूल्य उन सेवाओं के कुल मूल्य से कम नियत करना।

3.5. हम बहिष्कार के काम में शामिल नहीं होते हैं: कंपनी किसी पक्ष विशेष के साथ व्यापार को रोकने वाले किसी समझौते में शामिल नहीं होगी। कंपनी किसके साथ व्यापार करेगी या नहीं करेगी, यह निर्णय करते समय वह किसी प्रतिस्पर्धी के साथ मिलकर काम नहीं करेगी।

3.6. हम पारस्परिक सौदों के प्रति सहमति नहीं देते हैं: कंपनी बाज़ार की अपनी शक्ति को प्रदाताओं या तृतीय पक्षों के लिए GXO से सामग्री या सेवाएँ खरीदना आवश्यक

©2021 GXO. सर्वाधिकार सुरक्षित

बनाना या खरीदने पर बाध्य करना केवल इस कारण नहीं करेगी कि GXO उस पक्ष की ग्राहक है।

4. प्रतिबंधित अनुबंध और चर्चाएँ

कंपनी निम्नलिखित विषयों के संबंध में गैर-सार्वजनिक जानकारी के बारे में किसी भी प्रतिस्पर्धी के साथ कोई चर्चा या सहयोग नहीं करेगी, यहाँ तक कि अनौपचारिक रूप से भी नहीं:

- लागत, लाभ में मार्जिन, उत्पादन या बिक्री पूर्वानुमान या मात्रा
- मूल्य निर्धारण या मार्केटिंग रणनीतियाँ, जिनमें वे कीमतें भी शामिल हैं जो कोई कंपनी अपने ग्राहकों से प्राप्त करने की योजना बना रही हो
- मूल्य में बढ़ोतरी का समय, विधि या मात्रा
- बिक्री या डिलिवरी की शर्तें
- प्रतिस्पर्धी बोली योजनाएँ या रणनीति, जिसमें विशिष्ट ग्राहकों की बोलियाँ भी शामिल हों
- ग्राहकों, बाज़ारों या बिक्री क्षेत्रों की श्रेणियाँ
- वितरण अभ्यास या क्षमता का उपयोग

5. अतिरिक्त छानबीन की आवश्यकता रखने वाला आचरण

5.1. **प्रतिस्पर्धियों से समझौता:** कंपनी किसी व्यापारिक संगठन में शामिल होने या उसकी बैठकों में शामिल होने से तब तक बचेगी जब तक कि उसके व्यावसायिक लाभ स्पष्ट न हों और उस व्यापारिक संगठन का कोई सक्षम प्रतिस्पर्धारोधी मामलों का वकील हो, और वह उसका उपयोग करता हो। कंपनी व्यापारिक संगठनों की बैठकों में किसी भी अनुचित चर्चा में भाग नहीं लेगी, और किसी अनुचित चर्चा के दौरान उपस्थित रहने पर उसमें भाग लेने से इंकार करेगी।

5.2. **संयुक्त उपक्रम और व्यवसाय के अन्य व्यवस्थाएँ:** नैतिकता और अनुपालन कार्यालय को प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी भी संयुक्त उपक्रम और मार्केटिंग, ख़रीदारी या समान प्रकार की सहयोग व्यवस्थाओं की मंज़ूरी देनी चाहिए।

5.3. **आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों के साथ मूल्य निर्धारण संबंधी समस्याएँ:** कंपनी को मूल्य संबंधी क्षेत्रीय कानूनों का पालन करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं व ग्राहकों के साथ सहयोग करना पड़ सकता है, जैसे पुनर्विक्रय के न्यूनतम मूल्य या एक ही उत्पाद या सेवा के लिए ग्राहकों से अलग-अलग मूल्य लेने को प्रतिबंधित करने वाला कानून। कंपनी नैतिकता और अनुपालन कार्यालय द्वारा मंज़ूरी पाने के बाद ही ऐसा कर सकती है।

5.4. **प्रतिस्पर्धी जानकारी जुटाना:** कंपनी प्रतिस्पर्धी की जानकारी केवल कानून सम्मत व उचित तरीकों से जुटाएगी।

6. रिपोर्टिंग

इस नीति के अंतर्गत आने वाले सभी व्यक्तियों को किसी भी कदाचार या इस नीति और/या प्रयोज्य स्पर्धा-रोधी कानूनों के संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट तुरंत करनी चाहिए। GXO ऐसे किसी भी व्यक्ति के लिए प्रतिशोध की अनुमति नहीं देता जो सद्भावना से कंपनी नीति या लागू होने वाले कानूनों के संबंध में किसी चिंता, दुराचार, और/या संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करता है।

रिपोर्टें ethics@gxo.com पर नैतिकता और अनुपालन कार्यालय में सीधे जमा की जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, आप https://ethics.gxo.com पर हमारी नैतिकता वेबसाइट देख सकते हैं जहां आपको रिपोर्टिंग के अन्य विकल्प मिलेंगे। यदि लागू होने वाले कानून द्वारा अन्यथा प्रतिबंधित न किया गया हो, तो आप अपनी चिंताएँ अनाम रूप से रिपोर्ट कर सकते हैं। रिपोर्टिंग विकल्पों के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया कंपनी की व्यवसाय आचार संहिता देखें।

इस नीति के संबंध में अतिरिक्त जानकारी और दिशानिर्देश ethics@gxo.com पर नैतिकता और अनुपालन कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

©2021 GXO. सर्वाधिकार सुरक्षित

7. नीति अपवाद

इस नीति से संबंधित कोई भी अपवाद या विचलन कंपनी के मुख्य अनुपालन अधिकारी द्वारा लिखित रूप में अनुमोदित होना आवश्यक है।

8. अनुपालन में विफलता

इस नीति का अनुपालन न होने पर कंपनी और शामिल व्यक्तियों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं जिसमें दीवानी या आपराधिक अभियोग, अर्थदंड और संभावित कारावास शामिल हैं। इस नीति का उल्लंघन करने पर गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है, जिसमें नौकरी से बर्खास्तगी शामिल है।

©2021 GXO. सर्वाधिकार सुरक्षित